SPASHTH AWAS, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

विजेता टीम करेगी मेगा फाइनल में लखनऊ का प्रतिनिधित्व

लखनऊ । उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न विद्यालयों से 1300 से भी अधिक छात्रों ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में बुधवार को आयोजित टीसीएस आई टी विज में भाग लिया। देश के सबसे बड़े क्वींज : टीसीएस आई टी विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस भारत की नम्बर एक आईटी सेवाएं, बिजनेस साल्यूशन एवं आउटसोर्सिंग फर्म द्वारा किया गया। लखनऊ के अलावा इलाहबाद, देहरादून , कानपुर, नैनीताल, वाराणसी, रायबरेली, मुरादाबाद, अमेठी, फैजाबाद सहित उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न शहरों में स्कूल में पढने वाले छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रारंभिक लिखित उन्मूलन दौर के रोमांचक संघर्ष के उपरांत शीर्ष छह स्कूल क्षेत्रीय फाइनल में पहुचे। 6 रीजनल फाईनल टीम के बीच भीषण एवं तीव्र प्रतियोगिता के उपरांत को पराजित करते हुए विजेता के रुप में उभरें। विजेताओं को आईपैड प्रति एवं दूसरे स्थान के विजेताओं को गैलक्सी टैबलेट प्रति के साथ विशेष रुप से निर्मित की गई, विजेता एवं उपविजेता ट्रफी से पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम अब उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए मेगा फाइनल में 2013 शीर्षक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अभिषेक मिश्रा, मंत्री विज्ञान एवं प्रौघोगिकी उत्तर प्रदेश सरकार एवं आलोक रंजन, आईएएस, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार ने जयंत कृष्णा, रीजनल हेड, टीसीएस लखनऊ के साथ पुरस्कार वितरित किये। टीसीएस आईटी विज 2013 के क्षेत्रीय दौर का आयोजन देश भर में 14 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इन 14 स्थानों के विजेता दिसंबर 2013 में आयोजित होने वाले मेगा फाइनल में 2013 शीर्षक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। विजेताओं को टीसीएस के एन चन्द्रशेखरन के साथ वार्तालाप करने का भी अवसर प्रदान होगा।